हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 5 अक्टूबर 2025

04 भारत माता को डायन कहने वाले असद खान पर...



07 भाजपा ने जारी की नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची






## खबर संक्षेप

### चार बस्तियों में आज निकलेगा पथ संचलन

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज 5 अक्टूबर को रामेश्वरम, सावरकर, प्रताप और बद्रीनाथ बस्ती में पथ संचलन निकाला जाएगा। प्रताप बस्ती का संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से सुबह 8:30 बजे से, सावरकर बस्ती का संचलन सुबह 8:30 बजे सावरकर बालबिहार से, रामेश्वरम बस्ती का पीतलमिल जैन मंदिर से सुबह 8:30 से और बद्रीनाथ बस्ती का संचलन सुबह 8:30 बजे परवतीपुरम पार्क बंटी नगर विदिशा से निकलेगा। उक्त जानकारी नगर प्रचार प्रमुख राजू मालवीय ने दी।

### आतिशबाजी लाइसेंस के लिए आवेदन 13 तक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आतिशबाजी लाइसेंस के लिए फुटकर पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस देन निर्देश जारी कर दिए हैं। आतिशबाजी विक्रेता 13 अक्टूबर तक एमपीई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आंतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में जमा करना होगा। आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और निर्धारित शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा। आतिशबाजी, पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई लायसेंसधारी को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों में दुकान लगानी होगी। दुकानों का आवंटन लाटरी द्वारा किया जाएगा। आतिशबाजी विक्रय के निर्धारित स्थल के अतिरिक्त कहीं भी आतिशबाजी की दुकान लगाना व विक्रय करना दण्डनीय अपराध माना जाएगा।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर निकाली रैली



**विदिशा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा मानसिक मजबूती के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। 4 से 12 अक्टूबर तक चलने वाले 7 दिन के इस आयोजन में पहले दिन जागरूकता रैली निकाली गई जो मानव सेवा न्यास से प्रारंभ होकर माधवगंज तक आई। इसके अलावा यहां मानसिक विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा अपना आलेख भी दिया। लायंस क्लब के पदाधिकारी अतुल शाह ने बताया कि कम उम्र में ही बच्चे मानसिक तनाव लेकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं इसे रोकने लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

### निजी अस्पताल में भर्ती मामले में सीएमएचओ ने जारी किए निर्देश

**विदिशा।** आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य मरीजों को मेडिकल कॉलेज से निजी अस्पताल पहुंचाने के मामले में सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने संज्ञान लेते हुए हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों में घूम रहे दलाल मरीजों के परिजनों को प्रलोभन दे रहे हैं। सीएमएचओ ने ऐसे ऐसे व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाले, सीसीटीवी कैमरे से वार्डो की निगरानी, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध थाने में शिकायत दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संस्था के कर्मचारियों पर भी कढ़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई चिकित्सक या कर्मचारी संदिग्ध लगता है, तो इसकी गतिविधियों की जांच करवाई जाए। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ऐसा मामला सामने आया था जिसमें एक मरीज को मेडिकल कॉलेज से एक निजी अस्पताल में भर्ती करने की सलाह शासकीय चिकित्सकों द्वारा दी गई थी।

---

**कार्रवाई:** पुलिस ने अदालत तक पैदल जुलूस निकाला, आरोपी रास्तेभर कान पकड़कर चलता रहा

# भारत माता पर टिप्पणी करने वाले असद खान पर देशद्रोह का मामला दर्ज कराने हिंदू संगठन एकजुट

*सिरोंज में 'भारत माता' को डायन कहने वाले कांग्रेस नेता असद जिलानी का पुलिस ने शनिवार को जुलूस निकाला। शनिवार दोपहर हिंदू संगठनों ने आरोपी को जमानत न देने और उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की मांग को लेकर सिरोंज में धरना प्रदर्शन किया। तहसील कार्यालय की सीढ़ियों पर एक घंटे तक धरना दिया गया।*

> पहले भी कई बार इस तरह की पोस्ट कर चुका है असद, उस पर करीब 10 मामले दर्ज हैं। हिंदू संगठनों ने की देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मां।

**हिंदू संगठनों ने की अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाने की मांग**

असद जिलानी को जमानत नहीं दी गई और उसे जेल भेज दिया गया है। उसके खिलाफ रासुका और राष्ट्र द्रोह की धाराओं में भी कार्रवाई होगी या नहीं यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। हिन्दू संगठन असद के खिलाफ प्रदर्शन कर रासुका लगाने, राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने और उसके अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिरोंज के कांग्रेस नेता असद खान जिलानी द्वारा भारत माता पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में शनिवार को हिंदू संगठनों ने एसपी रोहित काशवानी के नाम एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को ज्ञापन सौंपकर असद खान पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है।

इससे एक दिन पहले शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने असद खान का पुतला जलाया था। मामले तूल पकड़ते ही पुलिस ने असद खान को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को सिरोंज की मुख्य सड़क से उसका जुलूस निकाला गया।

दरअसल गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता चक्रेश श्रीवास्तव ने एक पोस्ट की। इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 100 रुपए का डाक टिकट जारी करने का उल्लेख था। शुक्रवार को इसी पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस नेता असद खान जिलानी ने भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उनकी इस टिप्पणी से हिंदू संगठन आक्रोशित हो गए। विरोध में हिंदु संगठनों ने विदिशा में कांग्रेस नेता असद खान जिलानी का पुतला भी जलाया। सकल हिंदू समाज द्वारा कहा गया है कि यह टिप्पणी न केवल भावनाओं को आहत करती है, बल्कि समाज में वैमनस्य भी फैलाती है। हिंदू संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि असद खान पहले भी भड़काऊ पोस्ट डालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर चुके हैं।

**यह है पूरा घटनाक्रम**

असद जिलानी ने 3 अक्टूबर को फेसबुक पर 'भारत माता' के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस ने असद जिलानी को शुक्रवार शाम हिरासत में लिया। शनिवार को असद जिलानी को सिरोंज थाने से अदालत तक पैदल जुलूस के रूप में ले गई। इस दौरान आरोपी रास्ते भर कान पकड़कर चलता रहा।

**पहले से दर्ज 10 केस**

विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम सिरोंज तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि असद को जमानत न दी जाए। उस पर रासुका लगाई जाए। संगठनों का कहना है आरोपी पर पहले से 10 केस हैं और वह आदतन अपराधी है, जिसकी मानसिकता देश विरोधी है।

---

## स्कूलों की हरितक्रांति भूमि की नीलामी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के शासकीय स्कूलों को हरित क्रांति के तहत विद्यालयों के पास धारित भूमि की जानकारी का गहन अवलोकन सभी तहसीलदार सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि इस भूमि का सर्वे कराकर उसकी स्थिति स्पष्ट की जाए तथा जो भूमि नीलामी योग्य है, उसकी नीलामी की कार्रवाई प्राथमिकता से करवाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि यह कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण की जानी चाहिए ताकि शासन की योजनाओं के अनुरूप राजस्व वृद्धि एवं जनहित में संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके। नीलामी से प्राप्त धनराशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरतो को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नीलामी संबंधी समस्त प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और नियमानुसार होनी चाहिए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने बताया कि जिले के 183 स्कूलों को हरित क्रांति अभियान के तहत भूमि आबंटित की गई है।

## 65 समितियों में 353 किसानों ने पंजीयन कराया, आज भी होंगे

**विदिशा।** सोयाबीन की फसल लेने वाले किसानों के लिए भावांतर योजना के तहत पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू हो गए हैं पहले दिन ही 65 समितियों में 353 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। भावांतर योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार भाव के बीच के अंतर की राशि सरकार देगी पंजीयन के बाद भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक किया जा सकेगा। राशि फसल विक्रय के 15 दिवस के अंतर किसानों के खाते में डीवीडी के माध्यम से दी जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जिले में भावांतर योजना के प्रचार प्रसार के लिए विशेष पहल की है। कृषि उपज मंडी की सचिव नीलकमल वैद्य ने बताया कि मंडी में आने वाले किसानों को भावांतर योजना की जानकारी दी जा रही है। फ्लेक्स के माध्यम से पूरी जानकारी प्रदर्शित की जा रही है। ताकि किसान मंडी में प्रवेश करते ही भावांतर योजना से मुखातिब हो सके। अवकाश दिवस रविवार को भी पंजीयन की व्यवस्था क्रियान्वित की जाएगी।

---

## आनंदपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के पांच आरोपी 24 घंटे में दबोचे

> घटना में प्रयुक्त लाड़ी और डंडे भी पुलिस ने जब्त कर लिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक अक्टूबर को ग्राम पालपुर में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जमीनी विवाद में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया। घायल फरियादी इंदर सिंह पिता बिहारीलाल बंजारा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पालपुर थाना आनंदपुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा ग्राम पालपुर के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 5 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त हथियार फरसा, लाठी एवं डंडे जब्त किए गए।

पुलिस ने आरोपी मोहर सिंह उर्फ मोहन सिंह बंजारा, भंवरलाल पिता परसराम बंजारा, खुशाल सिंह पिता परसराम बंजारा, प्रीतम सिंह पिता दीप सिंह बंजारा निवासी ग्राम पालपुर, बकील पिता दीप सिंह बंजारा निवासी ग्राम पालपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## चिरावटा गांव में कई पोल से बिजली के तार चोरी, किसान परेशान

**ग्यारसपुर।** चिरावटा ग्राम में चोरों ने किसानों के खेतों में लगे पोल से पंप लाइन के तार चोरी कर लिए। अज्ञात चोरों ने करीब चिरावटा अटारी खेजड़ा में 8 पोल से तार निकालकर उड़ा दिए एवं केवटा में 16 पोल से तार चोरी कर लिए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। रवि सीजन की शुरुआत के बीच बिजली न मिलने से किसानों की सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि इस समय सिंचाई कार्य के लिए बिजली अत्यंत आवश्यक है, ऐसे में तार चोरी से वे बेहद परेशान हैं। मामले की सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षति का आकलन किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि तार चोरी होने से लाइन प्रभावित हुई है, जिसकी मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाएगा। अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

## ऐसे क्षेत्र जहां निर्माण कार्य लंबे समय तक होंगे वहां मजदूरों के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराया जाएगा

**समय सीमा की बैठक** में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को समीक्षा की।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को कराने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो श्रमिक कार्य करते हैं उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। मजदूरों पर आश्रित परिजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाए। दवाईयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी श्रमिकों के संबल कार्ड जारी करने के संबंध में श्रम पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां निर्माण कार्य लंबे समय तक होगा और मजदूरों की संख्या अधिक है तो उनके बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कराया जाएगा। ताकि उन्हें प्रारंभिक शिक्षा और पोषण आहार की आपूर्ति कार्य स्थलों पर ही की जा सकें।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

**अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत के निर्देश**

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग निर्माण कार्यों की गति को और अधिक सुचारू एवं पारदर्शी बनाएं। उन्होंने कहा कि बारिश से जो सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं उन सबकी मरम्मत कार्य शीघ्र कराएं। ताकि आवागमन में किसी भी प्रकार के व्यवधान न आ पाए। इसी प्रकार के निर्देश अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में विभागों को अधिकारियों विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं कलेक्टर ने भवन निर्माण कार्यों को करने वाले विभागों के अधिकारियों से कहा है कि यह कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं।

---

## 17 वाहनों से 1 लाख 21 हजार वसूले 50 ऑटो पर किराया सूची चस्पा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

> ■ बिना परमिट और मोटर यान कर के संचालित स्कूल बस को जब्त भी जब्त किया गया है।

आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने शनिवार को विदिशा द्वारा सागर रोड एवं अशोकनगर रोड पर वाहनों की जांच की गई।

इस कार्रवाई के दौरान 19 वाहन नियम विरुद्ध चलते मिले। उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 17 वाहनों से जुर्माने के रूप में 1 लाख 21 हजार 400 रुपए वसूल किए। 2 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई हैं। कार्रवाई के दौरान बिना परमिट तथा मोटरयान कर के संचालित हो रही एक स्कूल बस है। उक्त कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों, भारवाही वाहनों, स्कूल बसों की जांच की गई। विदिशा नगर में ऑटो रिक्शा के लिए निर्धारित किराया पूर्व से निर्धारित है। संपूर्ण ऑटो रिक्शा के लिए प्रथम किलोमीटर के लिए 20 रुपए उसके बाद प्रत्येक किलोमीटर के लिए रुपए 15 रुपए प्रति किमी है। कलेक्टर के निर्देश पर चेकिंग के दौरान 50 ऑटो रिक्शा में किराया सूची चस्पा कराई गई।

## दुकान में चोरी: वेल्डिंग मशीन, कॉपर तार समेत 65 हजार का सामान ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अहमदपुर रोड चुंगी नाके के पास स्थित एक वेल्डिंग दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान से वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडर और तांबे के तार सहित लगभग 60 से 65 हजार रुपए का सामान चुरा ले गए।

दुकान संचालक अंकुर गुप्ता ने बताया कि सुबह दुकान खोलने पर उन्हें चोरी का पता चला। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उनका मानना है कि पुलिस को रात की गश्त बढ़ानी चाहिए।



## दुग्ध समृद्धि : पशुपालकों से पीएस उमाकांत उमराव ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव और कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर संवाद किया।

प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने पशुपालकों से संवाद के दौरान आयोजन के उद्धेश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वस्थ एवं कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशु नस्ल सुधार की और विशेष पहल की जा रही है। यह अभियान तीन चरणों में क्रियान्वित होगा। विदिशा जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में पशुपालकों से विभाग का अमला संपर्क कर अभियान के उद्धेश्यों की प्राप्ति में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।



प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने पशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण पर जोर दिया। प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान से बछिया ही होगी जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि हो। प्रमुख सचिव ने ग्राम पीपलखेड़ा में अंकित मीणा की पशुशाला में पहुंचकर दुग्ध समृद्धि के लिए किस स्तर पर चारा खिलाया जा रहा है कि जानकारियां प्राप्त की हैं। वह ग्राम अमरपुर में केशव शर्मा के यहां पहुंचे। ग्राम बेरखेड़ी के पशुपालक राकेश यादव ने विभिन्न प्रकार की उच्च नस्ल की गाय, भैंस की प्राप्ति अन्य राज्यों से कैसे करते हैं की जानकारियां सांझा की हैं।

---

भावांतर योजना को लेकर भारतीय किसान संघ ने बैठक का आयोजन किया

## बैठक में छोटे किसानों की समस्याओं को उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार दोपहर कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ, व्यापारियों, मंडी सचिव तथा एसडीएम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में भावांतर योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित राशि 5380 रुपए और मॉडल रेट के बीच के अंतर का भुगतान शासन द्वारा किया जाएगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि भुगतान केवल पंजीकृत बैंक खाते में ही होगा, नगद भुगतान पर भावांतर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सोयाबीन के लिए भावांतर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन 3 से 17 अक्टूबर तक होंगे और योजना 24 अक्टूबर से लागू होगी। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष मुकेश साहू ने छोटे किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि जिन किसानों की एक-दो क्विंटल उपज है, उन्हें ऑनलाइन भुगतान में कठिनाई होगी। राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि आईएफएससी कोड समान होने के कारण एनईएफटी में समस्या होगी, जिससे छोटे किसानों को विशेष परेशानी होगी। दीपक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय किसान संघ ने मंडी सचिव को इस संबंध में कई सुझाव दिए। व्यापारियों की ओर से व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी मौजूद रहे। बैठक में मंडी समिति की ओर से मंडी सचिव नीलकमल वैद्य उपस्थित रहीं।




## नाबालिग बालिका को पुलिस ने 24 घंटे में खोज निकाला

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने अपहत बालिका को 24 घंटे के भीतर खोजकर परिजनों को सौंप दिया है। 3 अक्टूबर को थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत निवासी पूरनपुरा की 14 वर्ष 9 माह की बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई सतत कार्रवाई के दौरान उसी दिन विदिशा रेलवे स्टेशन से बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया।

**आवश्यकता**

कंप्यूटर ऑपरेटर ▶ 4-5
अकाउंट मैनेजर ▶ 2-3
ट्रकों का मेंटेनेंस रखने के लिए व्यक्ति ▶ 1-2
ऑफिस बॉय ▶ 1
कार ड्राइवर ▶ 1-2

संपर्क - 7693880204
ईमेल- arorafreightcarriervidisha@gmail.com

## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-2883
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2510
उच्चतम भाव- 2510
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5740
मसूर
न्यूनतम भाव-6010
उच्चतम भाव-6260
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव- 3036
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4490
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7410
मूंगफली
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
उड़द
न्यूनतम भाव-4550
उच्चतम भाव-6270
धान
न्यूनतम भाव-1606
उच्चतम भाव- 1930
मक्का
न्यूनतम भाव-1201
उच्चतम भाव- 1350

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 5720 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# भारत माता को डायन कहने वाले असद खान पर रासुका की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शनिवार को दोपहर के समय विश्व हिन्दू परिषद के बैनर पर सकल हिन्दू समाज ने कलेक्टर के नाम एसडीएम संतोष बिटौलिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश में संघ के योगदान को लेकर भारतीय मुद्रा सिक्का जारी किया गया है। सिक्के पर एक ओर अशोक स्तंभ है तो दूसरी ओर भारत माता का चित्र अंकित है। संघ पर सिक्का जारी होने के हर्ष स्वरूप सिरोंज के स्थानीय नागरिक चक्रेश श्रीवास्तव ने फेसबुक पर पोस्ट डाली जिस पर विगत दिवस सिरोंज के ही एक मुस्लिम युवक असद खान जिलानी ने भारत माता के प्रति बहुत ही आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा कि इस डायन की पूजा तमाम पिशाच करें। ऐसा लिखकर जिलानी ने भारत माता को डायन और उनके अनुयायियों को पिशाच कहा है आगे उसने सिक्के पर लिखे राष्ट्राय स्वाहा पर भी भद्दी टिप्पणी करते हुए लिखा की सचमुच में ही राष्ट्र स्वाहा किया जा रहा है, न हिंदी में लिखना आता है न इंग्लिश में। इस प्रकार एक जिहादी मानसिकता के युवक द्वारा भारत माता एवं भारत सरकार द्वारा जारी भारतीय मुद्रा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना राजद्रोह है। इस व्यक्ति पर पूर्व से भी कई मामले दर्ज हैं। इस पर जिलाबदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। ऐसे व्यक्ति स्वच्छ समाज के लिए खतरा हैं। ज्ञापन में मांग की गई है, कि असद खान जिलानी पर राजद्रोह का मामला पंजीबद्ध किया जाकर रासुका एवं जिलाबदर की कार्रवाई की जाऐ और उसकी अवैध गतिविधियों की जांच की जाये तथा अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई की जाये। उधर त्योंदा में भी विहिप कार्यकर्ताओं ने इसी मांग को लेकर तहसीलदार रितु राय को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विहिप बजरंग दल, हिन्दू जागरण मंच, भाजपा सहित हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारत माता की छवि राष्ट्रीय छवि घोषित करने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की मांग

**गंजबासौदा।** सोशल नेटवर्किंग साइट पर युवक असद खान जिलानी द्वारा पोस्ट पर भारत माता को डायन कहा गया है, जिससे भारत माता के प्रति आस्था रखने वाले नागरिकों, वतन परस्त संगठनों सहित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सभी पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है । ऐसी देश विरोधी मानसिकता वाले युवक पर विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। भारत के संविधान में आस्था रखने वाले हम सभी देशभक्त नागरिक व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच इस युवक पर रासुका की मांग करते हैं ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने भारत माता की छवि को राष्ट्रीय छवि घोषित करने की मांग करते हुए भारत के राष्ट्रपति से आग्रह किया है। भारत माता की छवि , अशोक स्तंभ सहित राष्ट्रीय प्रतीक चिह्नों के अपमान पर कठोर कानून बनाया जाऐ ताकि न कोई इनको धूमिल कर सके, न इनका अपमान कर सके। मांग करने वालो में मध्य भारत प्रांत संयोजक एडवोकेट असद नवेद हाशमी, सैयद शादाब अली, वाजिद कुरैशी, बाबू भाई ठेकेदार, शिबबू भाई, सैयद सरवर अली, काजी साहब सैयद शोएब हुसैन, काजी सैयद जुबेर हुसैन, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक तबस्सुम शफीक खान, राशिद खान, मोहसिन पठान शेख शकील अहमद सहित मंच के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता शामिल हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार अनिल यादव की पुण्यतिथि पर हुए सेवाकार्य

# श्मशान घाट की सफाई कर और गायों को गोग्रास खिलाकर मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा













जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद श्रद्धेय अनिल यादव की पांचवी पुण्यतिथि पर अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यों ने पहले अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर पाराशरी नदी तट स्थित श्मशान घाट पहुंचकर साफ सफाई एवं रंगाई पुताई की। अंत में सभी ने पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद शाम को नपा की गौशाला में पहुंचकर गायों को हरी घास और गौग्रास खिलाया गया।

यहां उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद श्रद्धेय अनिल यादव शुरू से ही उपेक्षित समझे जाने वाले प्रमुख स्थान श्मशान घाट की सफाई, मवेशियों, जानवरों के प्रति करूणा, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के पक्षधर रहे हैं। श्मशान घाट की नियमित सफाई का कार्य भी उनकी ही पहल पर शुरू हुआ था। इसलिए श्रद्धेय अनिल यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों, पत्रकारों, नागरिकों और अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यों ने श्मशान घाट की सफाई करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सभी लोगों ने सुबह 8 बजे हाल ही में निर्मित अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद सभी लोग श्मशान घाट पहुंचे और वहां सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम संतोष बिटौलिया, तहसीलदार अरविंद यादव, सुनील यादव, सुनील बाबू पिंगले, देवेन्द्र यादव, पंचतत्व के सुरेन्द्र सिंह दांगी, यशपाल यादव, सुरेन्द्र भारद्वाज, मनोहर यादव, राजेन्द्र व्यास, विजय अग्रवाल, संजय यादव, मनोज यादव, मनोज डागा सहित सभी सदस्यों और नागरिकों ने श्मशान घाट परिसर की झाड़ू लगाकर सफाई की, घास, खरपतवार को उखाडा और दमकल की मदद से श्मशान घाट स्थल एवं परिसर को धोने के बाद रंगाई पुताई की और शव दाह स्थलों की गोबर से लिपाई की और पुष्प अर्पित किए। इसके बाद सभी ने श्रद्धेय अनिल यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि हमारे प्रेरणा स्त्रोत बड़े भाई अनिल यादव जी ने सालों पहले जो अलख जगाई थी। आज उनके परिचित एवं परिजन उसका अनुशरण कर रहे हैं। एक और जहां श्मशान घाट में जाने से आदमी डरता है। वहीं अनिल भाई की प्रेरणा से हर साल सदस्य गण श्मशान घाट की साफ सफाई करके समाज को एक नया संदेश देते हैं। पर्यावरण, पशु पक्षी, जल, जंगल, जमीन या फिर शोषितों वंचितों के लिए उन्होंने हमेशा आवाज उठाई है। इस दौरान अन्य लोगों ने भी स्व. अनिल यादव को याद किया और उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर अंजलि मनोज यादव, पार्षद नारायण सोनी, मनीष विश्वकर्मा, संजय भावसार, सरदार अहिरवार, पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया, लक्ष्मीकांत शर्मा, सरिता रघुवंशी, नितिन यादव, समीर किरमानी, कदीर भाई, कन्नू यादव, नीरज जैन, हिमांशु यादव, तरू यादव, अमृतांशु यादव सहित अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यगण एवं नपा कर्मचारी मौजूद थे। वहीं शाम के समय सभी सदस्यों एवं नागरिकों ने त्योंदा रोड स्थित लालू महाराज की गौशाला एवं नपा की गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा एवं गौ ग्रास खिलाया।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवकों ने मारे चाकू



**गंजबासौदा।** शनिवार दोपहर पुराने कृषि उपज मंडी गेट के सामने दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल पठार निवासी तेजस तिवारी और आदित्य सूर्यवंशी अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से घर जा रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार कुछ युवकों ने उन पर अचानक चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में आदित्य सूर्यवंशी की पीठ में गहरा घाव हुआ है। वहीं, तेजस तिवारी के शरीर पर पीठ और पैर सहित तीन जगहों पर चाकू से गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर लिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही शहर थाने के उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल युवकों से पूछताछ की और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

# आंगनबाडी केंद्रों पर पोषण माह का हो रहा आयोजन



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों को पोषण आहार के संबंध में जानकारी देने और उनके बीच पोषण आहार के प्रति जागरूकता लाने के लिए आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक आंगनवाडी केन्द्र पर नियमित रूप से तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बच्चों और किशोरियों को नियमित खानपान में पोषक तत्वों का उपयोग करने, स्वादिष्ट पोषक आहार बनाने, खाने में पोषक आहार की पूर्ति कैसे करें आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें पोषक आहार क्यों जरूरी है, उसके क्या फायदे हैं और पोषक तत्वों की कमी से किन किन रोगों के होने की संभावना रहती है आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं, किशोरी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित खानपान में पोषक तत्वों या पोषक आहार का ध्यान रखकर कई तरह की बीमारियों से दूर रह सकें। इसी अभियान के तहत गत दिवस ग्राम पंचायत स्यारी के ग्राम डाबर के आंगनवाड़ी केन्द्र पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे पोष्टिक आहार, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण और बच्चो को शिक्षा, स्वास्थ्य और योगासन के लिए महिलाओं और बच्चो को प्रेरित करना आदि कार्यक्रम शामिल रहे। इस मौके पर आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, ग्राम की महिलाएं, बच्चे और किशोरियां मौजूद रहीं।

# नसीदपुर में ग्रामसभा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस ग्राम नसीदपुर में ग्रामसभा आयोजित हुई। जिसमें पोषण माह के दौरान सामान्य श्रेणी के जो बच्चे हैं उनके पिता को सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिव और पूर्व सरपंच के द्वारा बच्चे की माता को भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चे के पिता ने ग्रामीणों को बच्चों को किस प्रकार से पोषण देते हैं और उनका किस प्रकार ध्यान रखते हैं के बारे में विस्तार से समझाया तथा टीकाकरण के बारे में बताया। कार्यक्रम में सेक्टर सुपर वाइजर रंभा उपाध्याय, कार्यकर्ता लक्ष्मी रघुवंशी, सहायिका ममता मालवीय, कैलाश बाबू अहिरवार, शिक्षिका सावित्री रिछारिया, सोनम जैन सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# मद्य निषेध कार्यक्रम अंतर्गत शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शासकीय एसजीएस महाविद्यालय में मद्य निषेध कार्यक्रम अंतर्गत शपथ व रंगोली का कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा प्रभारी डॉ. पवन जैन के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मद्य निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाई गई। रंगोली के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमनलता गुप्ता ने नशा मुक्ति हेतु छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को शपथ दिलाई। इन सभी कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ से डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. कंचन डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. आर.डी जाटव, डॉ. एलएन दुबे, डॉक्टर विकास डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर शिवानी बिश्नोई, डॉक्टर सुनील पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**त्योंदा।** शनिवार को त्योंदा में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत संस्कृत भवन में बैठक आयोजित की। जिसमें ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश दुबे, सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, आकाश कुशवाहा, अमन रेसरिया, सेटु महाराज, दंगल सिंह लोधी सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बासौदा जनपद के 11 रोजगार सहायकों के हुए तबादले

गंजबासौदा। गत दिवस बासौदा जनपद के 11 रोजगार सहायक, सचिवों के तबादले हुए हैं। उनमें दीपक सरवैया गोड़खेड़ीमार से हतौड़ा, राधा शर्मा हमीदपुर से करौंदा खुर्द, अविनाश शर्मा हतोड़ा से पडरिया, भवानी शंकर तिवारी छुल्हेटा से कंजना, सुनील शर्मा कंजना से छुल्हेंटा, संजीव कुशवाह ऊकायला से सकरोली, मंजू साहू महोली से गोंडखेड़ीमार, रविन्द्र रघुवंशी ककरावदा से उदयपुर, शैलेन्द्र रघुवंशी खरथरी से हमीदपुर, सरिता चौरसिया उदयपुर से सत्ताखेड़ी जाजोन, कमलेश जोशी मूड़री से गुलाबगंज शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**गंजबासौदा।** सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के 6 खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में विजेता रहने के बाद राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। संस्था परिवार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। संस्था के खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बताया कि संभाग स्तरीय रोड साइकलिंग प्रतियोगिता नरसिंहगढ़ में आयोजित की गई थी। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं नक्ष साहू, नमन साहू, कार्तिक विश्वकर्मा, अभिजीत गौतम, वैष्णवी रघुवंशी और हनी रैकवार का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी समय में बालाघाट जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। जिसमें संस्था के छात्र भोपाल संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। संस्था के डायरेक्टर के. एस .यादव, प्राचार्य उमेश चंद यादव, प्रबंधक सुधा यादव, काउंसलर संघमित्रा यादव, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, रजनी गुप्ता, एन.एस.एस अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, संगीत शिक्षक शंभू गिरी गोस्वामी, खेल कोच गजेंद्र सिंह दांगी, विक्रांत सोनी, आकाश साहू सहित शिक्षक परिवार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

### श्रमदान दल, प्रशासन व नपा का सफाई अभियान आज

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन-जागरूकता की दिशा में श्रमदान दल का निरंतर प्रयास अब नई कड़ी में प्रवेश कर रहा है। इसके तहत प्रथम चरण में रविवार को सुबह 6:30 से 8 बजे तक बेतवा नदी, रिपटा घाट पर सफाई अभियान चलाया जाएगा एवं द्वितीय चरण में सुबह 8 बजे से गंज पुल के पास प्रतिमा विसर्जन के बाद नदी एवं घाट पर जमा प्रतिमाओं के अवशेष, पूजन सामग्री एवं अन्य तरह के कचरे की सफाई की जाएगी। द्वितीय चरण के सफाई अभियान में एसडीएम संतोष बिटोलिया एवं तहसीलदार अरविन्द यादव के निर्देशन में नपा प्रशासन, विहिप बजरंग दल, व्यापार महासंघ, राजस्व विभाग एवं नागरिक प्रदान करेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि गणेशोत्सव के समय गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद भी प्रशासन एवं नपा ने गंज पुल के पास सफाई अभियान चलाकर प्रतिमाओं के अवशेष और पूजन सामग्री की सफाई की थी।

## बाजार होने लगा गुलजार, डिजाइनर साड़ियों व फैंसी चूड़ियों की रही अधिक मांग

# करवा चौथ के पहले ही चांद सा रोशन हुआ बाजार, देर रात तक चलता रहा बाजारों में खरीदी का सिलसिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए साल में एक बार विशेष व्रत रखती हैं। जिसे करवा चौथ के नाम से जाना जाता है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार के दिन रखा जाएगा। इस व्रत में महिलाएं निर्जला व्रत रखतीं हैं। करवा चौथ के दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, पार्वती और कार्तिकेय की पूजा करतीं हैं। यह व्रत सूर्यादय से पहले आरंभ किया जाता है और सूर्यास्त के बाद चांद निकलने तक रखा जाता है। चांद निकलने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि सुहागिन महिलाएं यदि करवा चौथ व्रत करें तो उनके पति की आयु लंबी होती है। साथ ही वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है। करवा चौथ को लेकर मार्केट में खूब रौनक देखी जा रही है। सुहागिनों के सजने संवरने का दौर भी चलता देखा जा रहा है। सुहागिनों द्वारा पिया के नाम की हाथों में मेहंदी रचाई जा रही है। तो वहीं करवा, पूजा की थाली और अन्य पूजन की सामग्रियों की खरीदारी भी तेजी से की जा रही है। देर रात तक मार्केट में चहल-पहल बनी देखी जा रही है।

### ब्यूटी पार्लर पर दिखने लगी भीड़

करवा चौथ से पहले शहर के मार्केट भी चांद जैसे रौशन नजर आने लगें है। शॉपिंग के लिए मार्केट में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही है। सबसे ज्यादा भीड़ साड़ी,ज्वैलरी, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, गारमेंट्स शॉप्स पर देखने को मिल रही है। कुछ महिलाएं अपनी ड्रेस को फाइनल टच देते हुए दिखीं तो कुछ मैचिंग ज्वैलरी को परचेज करने में बिजी रहीं। भीड़ को देखते हुए भूतेश्वर पथ,सराफा बाजार,कहारा बाजार,चांदनी चौक,कोर्ट गेट समेत अन्य जगह के मार्केट देर रात तक खुले रहे।

### मेहंदी से रचाया जा रहा पिया का नाम

इस मौके पर महिलाएं हाथों में मेंहदी न रचाए भला कैसे हो सकता है। करवा चौथ पर मेहंदी लगवाने का अलग ही महत्व है। मेहंदी लगवाने के लिए दोपहर से ही सुहागिन महिलाओं की भीड़ रही। मेहंदी की डिजाइन में पति का नाम लिखवाने का क्रेज दिखाई दिया। तो दूसरी ओर राजस्थानी, बॉम्बे कट, ब्लैक सिल्वर, गोल्डन, मारवाड़ी मेहंदी लगवाने का भी क्रेज दिखा।

### फैंसी चूड़ियों से सजा बाजार

करवाचौथ के लिए कहारा बाजार में फैंसी चूड़ियों से दुकानें भरी नजर आई। वही दुकानदार कलीम खान ने बताया कि धागे की वर्क वाली चूड़ियों को बेहद पसंद किया जा रहा है। कांच की चूड़ियों की स्वरूप भी बदलता जा रहा है। उसी के अनुरूप बाजार में चूड़ियां मौजूद है। ऐसे में महिलाएं साड़ी के रंग से मेल की चूड़ी खरीद रही हैं। साथ ही अन्य चूड़ियों को भी पसंद किया जा रहा है। चूड़ियों और कड़े को करवा चौथ के हिसाब से डिजाइन किया गया है। बाजार में बेहतर डिजाइनर चूड़ियों का दाम 100 रुपए से लेकर 500 तक की हैं।

### डिजाइनर साड़ी की रही मांग

इस बार करवाचौथ पर बाजार में बॉलीवुड डिजाइनर साड़ी की धूम मची हुई है। साड़ी विक्रेता सुमित जैन ने बताया कि इन साडियों का रेट 600 रुपए से तीन हजार रुपए तक है। मध्यमवर्गीय महिलाओं को यह साडियां खासी पसंद आ रही है। वहीं ब्लू फाक्स, शिफान सिल्क, गार्डेन सिल्क, बनारसी साडियों को भी महिलाएं पसंद कर रही हैं। वहीं ऑनलाइन खरीदारी का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा है। विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग ऐप से भी महिलाएं साडिया, चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन की सामान मंगा रहीं हैं। महिलाओं की माने तो त्योहारों पर ऑलनाइन शॉपिंग करने पर ऑफर मिल रहे हैं। इसमें कलर,वैराइटी की भी च्वाइस रहती है।

## बालिकाओं को भेंट किए उपहार

# शीतला माता मंदिर में कन्या भोज का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नवरात्र में नौ दिवस तक नगर के विभिन्न स्थानों पर इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम,सगीत के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम होते रहे। नौ दिनो तक चले धार्मिक पर्व मे नगरवासियो ने आदिकाल से चली आ रही परम्परा का पूर्ण आंनद लिया। समितियों द्वारा अपने पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए लाइटो और आधुनिक सजावटों का उपयोग किया। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राचीन संस्कृति को भी संजोए रखा। तो वही दुर्गा मां के विर्सजन के बाद नगर के माता मंदिर व दुर्गा पंडालों में कन्याभोज का आयोजन चलता रहा। नगर के कठाली बाजार स्थित शीतला माता मंदिर में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। तो वही शनिवार को हजारों के संख्या में कन्याओं ने शीतला माता मंदिर पहुचकर प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी संजय सोनी ने कन्याओं को उपहार भेंट किए।

## 11 आंगनबाड़ी केंद्रों में नवनियुक्त सहायिकाओं व कार्यकर्ताओं के नियुक्ति पत्र वितरित किए

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की खुरई विकासखण्ड की परियोजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर नवनियुक्त 10 सहायिकाओं व एक कार्यकर्ता के नियुक्ति पत्रों का वितरण पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी वर्षा रघुवंशी ने बताया कि पोर्टल पर जारी अनन्तिम सूची में आपत्ति विहीन केंद्रों की 11 नियुक्तियों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें से आज उपस्थित जमुनिया धीरज केंद्र में नवनियुक्त अंजू गौड़ सहायिका, कनेरा गौड़ अंगूरी गौंड़ सहायिका, पड़रई पार्वती कुशवाह सहायिका, रूसल्ला दीक्षा कुर्मी सहायिका, बारधा 23 से शिवानी अहिरवार सहायिका, मढ़ना सुल्तान अंजलि अहिरवार सहायिका, भुगावली चांदनी चढ़ार सहायिका तथा जामुनखेड़ी वंदना दांगी सहायिका को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के हाथों से नियुक्ति पत्र मिले। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने नवनियुक्त कार्यकर्ता/सहायिका बहिनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षिका शांति राजपूत हुई सेवानिवृत

**गढाकोटा।** सरस्वती शिशु मंदिर (हाईस्कूल) विद्यालय में माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर विद्यालय परिवार की दीदी शिक्षिका श्रीमति शांति गोविंद सिंह राजपूत जी के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने उपस्थित होकर अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। मनोज तिवारी ने कहा कि ईश्वर से दीदी के दीर्घ एवं शांतिपूर्ण जीवन की कामना करता हूँ। शांति दीदी का विद्यालय परिवार और भैया बहनों की शिक्षा एवं विकास के लिए सांस्कृतिक एवं शारीरिक क्षेत्र में अमूल्यनीय योगदान रहा ।उन्हें विभिन्न विषयों पर बारीकी से ज्ञान है ।

## प्रतिमा की आगवानी

**गढ़ाकोटा।** नगर में शुक्रवार को जिनेन्द्र भगवान एवं नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा कीअगवानी हुई l जिसमें समाज के सभी सदस्य उपस्थित थेl दोपहर 1 बजे के गौशाला स्थित बनने वाली मंदिर में विराजमान की गई । गौशाला में मंदिर बन रहा है।

## संगोष्ठी की निरंतरता में मणिकांत चौबे समाज में जीवंत हैं

**सागर।** 32 वर्षों से प्रति शनिवार निरंतर आयोजित होती आ रही, काव्य-संगोष्ठी के 1603 वें क्रम एवं आनलाईन संगोष्ठी के 281 वें सप्ताह की अध्यक्षता करते हुए, पूरन सिंह राजपूत ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के साथ संस्था के संस्थापक स्व. मणीकांत चौबे की भी जन्म जयंती पर, उनका शुभ स्मरण करते हुए, कहा कि उनकी साहित्य-निष्ठा के फलस्वरूप ही संगोष्ठी निरंतर 32 वर्षों से आयोजित हो रही है। एक कर्मशील व्यक्ति, अपने कर्मों से सदा जीवंत रहता है और मणीकांत चौबे बेलिहाज, संगोष्ठी की निरंतरता में आज भी हमारे हमारे बीच जीवंत हैं। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य संगोष्ठी का संचालन किया। दमोह से कवियित्री विमला तिवारी ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से कविवर मणिदेव ठाकुर ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह किया।

# शिव ज्योति प्रथम, महावीर द्वितीय नागर मंडल रहा द्वितीय स्थान पर

## 24 घंटे से अधिक चली भजन मंडलों की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

श्री हिउस द्वारा विजयादशमी पर रात्रि जागरण में भजन मंडलों की ईनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित 13 भजन मंडलों द्वारा दो रात एक दिन लगातार धार्मिक भजनों की संगीत नृत्यों के साथ प्रस्तुतियां दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम शिव ज्योति सरगम मंडलब तिलाडिय़ा को 71 हजार रू., द्वितीय महावीर मंडल सोयत कलां को 51 हजार रू., तृतीय नागर मंडल दीपाखेडा को 31 हजार रू., चौथे स्थान पर श्री वैष्णव मंडल सिंगोडी 21 हजार रू. की राशि हिउस के पदाधिकारियों अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। आधुनिक डिजीटल, स्मार्ट फोन के युग में भी ग्रामीणों, धार्मिक श्रद्धालुओं में धार्मिक भजनों को सुनने देखने का भारी आकर्षण बना हुआ है। दशहरें की देर रात्रि में भजन मंडलों की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई।



दूसरे दिन शुक्रवार के दिन भर और रात्रि 3 बजे तक निरंतर भजन मंडलों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाती रही। ग्रामीण क्षेत्र से भजनों की प्रतियोगिता देखने आए श्रद्धालु कार्यक्रम पंडाल में ही डेरा डाले रहें और निरंतर मंडलों की प्रस्तुतियों का आनंद उठाते रहें।

### पुरस्कारों का वितरण

निर्णायक मंडल द्वारा 13 भजन मंडलों की प्रस्तुतियों का विभिन्न स्तर पर आंकलन करते हुए निर्णय लिया गया। पांचवे स्थान पर ठाकुर मंडल ढाबा कला, छटवें स्थान पर श्याम मंडल खापा, सातवें स्थान पर श्री कृष्ण मंडल बोरखेडा, आठवें स्थान पर विनीत मंडल बाबई रहें। श्याम सरगम मंडल भोपाल को विशेष पुरूस्कार दिया। मंडलों को योगेश पटेल, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, उपा. अंशुल वर्मा, अंकुर चौहान, सचिव सचिन शान्डिल्य, कोषाध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, राजू ठाकुर, शारदा सराठे इत्यादि के द्वारा पुरूस्कार राशियों के चेक प्रदान किए गए।


## देवी भजनों के साथ हुआ रात्रि जागरण

# तहसील के कस्बे खरगोन में दशहरा पर्व की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के सबसे बडे ग्राम कस्बा खरगोन प्रमुख व्यापारिक केन्द्र में शुक्रवार को हिउस के तत्वाधान में दशहरा पर्व मनाया गया। मेन मार्केट में श्री राम रावण युद्ध, रावण वध के कार्यक्रम हुए जिन्हें देखनें धार्मिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही।

हिउस के तत्वाधान में विजयादशमी पर रात्रि जागरण का भव्य विशाल कार्यक्रम राजपूत पेलेस प्रांगण मे हुआ। देवी जागरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि नरेन्द्र शिवाजी पटेल राज्यमंत्री, पूर्व मंत्री ठा. रामपाल सिंह राजपूत, सिलवानी जनपद अध्यक्ष ठा. तरवर सिंह राजपूत, अभिषेक रघुवंशी, हिउस अध्यक्ष प्रमोद तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की उपस्थिति रही।



### देवी भजनों पर रात भर झूमें नाचे श्रोता

हिउस द्वारा शुक्रवार की रात्रि में विशाल भव्य देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नागपुर के जय अम्बे ग्रुप की भजन गायिका शेफाली शाह एवं रूपाली बघेल द्वारा धार्मिक भजनों की जानदार शानदार प्रस्तुतियां दी गई। भजनों के साथ प्रभावी बनानें माँ दुर्गा की सजीव झांकी के साथ भजनों पर उपस्थित श्रोता भाव विभोर होकर झूमतें नाचतें रहे, अन्य भजनों पर भी झांकियों का प्रदर्शन भारी आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

# आरएसएस का शताब्दी वर्ष में पथ संचलन निकालने का सिलसिला

## आज रविवार को नगर में निकलेंगे दो पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

1925 में विजयादशमी दशहरें के दिन राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की नागपुर में माहिते के बाडे में शाखा की शाखा और स्थापना हुई थी। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण हो चुकें है। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार को नगर में दो पथ संचलन निकाले जाने की तैयारी है।

आज दो पथ संचलन - विजयादशमी के दिन नगर में पशु चिकित्सालय मैदान से गणवेश धारी स्वंय सेवकों द्वारा विशाल पथ संचलन निकाला गया था। आज रविवार को भगत सिंह बस्ती का पथ संचलन नाहर पार्क से निकाला जाएगा। दूसरा पथ संचलन विवेकानंद बस्ती का श्रीरामलीला मैदान से निकाला जाएगा। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के पूर्ण गणवेशधारी स्वंय सेवक गीत गायन और घोष (बैंड)के साथ नगर की प्रमुख सडक़ों पर भ्रमण करेंगे।

### 1940 से नगर में संघ की गतिविधियां

1925 में आरएसएस की नागपुर में स्थापना हुई, 1940 में रायसेन जिले में सबसे पहले आरएसएस की गतिविधियां और संघ की शाखा लगना शुरू हो गई थी। संघ शाखा लगने की शुरूआत नदी रोड पर होली चौक से हुई थी। तत्कालीन प्रचारक तिजारे द्वारा नगर के साथ आसपास के ग्रामों में संघ कार्य संपर्क और संघ से जोडने युवाओं को प्रेरणा और संघ शाखा में लाने का


## एमपीआरडीसी ने नपं. को लिखा पत्र, मांगी भुगतान की गारंटी

# फोरलेन-45 स्ट्रीट लाइटों से होगा जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

लगभग 5 वर्षो पूर्व भोपाल-जबलपुर फोरलेन 45 पर यातायात शुरू हुआ, परंतु फोरलेन बायपास पर बने ब्रिज, सडक़ किनारे स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई गई। लम्बे समय से व्यापारियों, नागरिकों द्वारा पुलों, अंडरब्रिज और सडक़ पर लाइटें लगाने की मांग की जा रही थी।

हाल ही में टीम पहल द्वारा फोरलेन-45 पर गोवंश के मरने कुचले जाने और स्ट्रीट लाइट न होने की शिकायत की गई थी। एमपीआरडीसी के मुख्य अभियंता द्वारा नपं. बरेली के सीएमओ को पत्र लिखा और बायपास पर लगने वाली स्ट्रीट लाइट प्रणाली के संचालन, रखरखाव, बिजली बिल जमा करने की लिखित में गारंटी मांगी गई है। नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी एवं सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने कहा कि नपं. बिजली बिल जमा करने पूर्ण सहमत थी, अर्थात अब नगर सीमा में स्ट्रीट लाइटिंग, रोशनी से जगमग होने का रास्ता साफ हो गया है।



फोरलेन-45 पर बरेली का बायपास लगभग आठ कि.मी. लम्बा है। कुछ महत्वपूर्ण हिस्सा पिपरिया अन्डरब्रिज और 4-5 कि.मी. सडक़ नपं. की सीमा में आती है। पिपरिया रोड के अन्डरब्रिज के भीतर बाहर रात में अंधकार बना रहने से शराबियों का अड्डा बन जाती है। अन्डर ब्रिज के

### क्या बोले जिम्मेदार

*पूर्व में हुई गलती को सुधारते हुए एमपीआरडीसी बरेली बायपास पर स्ट्रीट लाइट लगाने तैयार हो गया है। नपं. नियमित बिजली प्रदाय हेतु पहले से सहमत है, वाहन चालकों आमजन को सुविधा मिलेगी।*

***नरेन्द्र शिवाजी पटेल**, राज्यमंत्री*

*बायपास पर स्ट्रीटलाइट लगाने एमपीआरडीसी द्वारा प्रस्ताव मांगा है। सीमा क्षेत्र के नियमानुसार परिषद की सहमति से जो संभव होगा सभी किए जाएंगे। स्ट्रीटलाइट न होने से समस्याओं से अवगत कराया था।*

***हेमन्त राजा भैया चौधरी**, अध्यक्ष नपं.*

*बायपास पर स्ट्रीट लाइटें लगाना जनहित में जरूरी है, प्राप्त पत्र के आधार पर प्रस्ताव नपं. की बैठक में प्रस्तुत करेंगे।*

***हरिशंकर वर्मा**, सीएमओ नपं. बरेली*

# सफाई मित्रों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

17 सितम्बर से प्रारंभ और 2 अक्टूबर तक नगर में नपं. द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाडा चलाया गया। 15 दिनों तक नगर के गली मोहल्लों सार्वजनिक स्थानों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलता रहा। 2 अक्टूबर को नपं. प्रांगण में समापन कार्यक्रम आयोजित हुअ। जिसमें नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी ने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया। अपने उद्बोधन में नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी ने कहा कि बरेली नपं. को स्वच्छता सर्वेक्षण में जिलें में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। चौधरी ने कहा कि बरेली को प्रथम स्थान मिले इसका प्रयास सभी को मिल कर करना होगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों एवं डस्टबिनन रखने वालों के विरूद्ध नपं. द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों कर्मचारियों को सस्पेंड किया जाएगा। झूठी शिकायतें करने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में नपं. के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, नपं. के कर्मचारियों, पार्षदों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्याम सोलंकी ने किया।

### 8 अक्टूबर को भी निकलेगा पथ संचलन

**बरेली।** शताब्दी वर्ष में दशहरा पर्व और संघ स्थापना के उपलक्ष में नगर में कुल 4 पथ संचलन निकाले जाने की योजना है। 2 पथ संचलन रविवार को एवं चौथा और आखिरी पथ संचलन 8 अक्टूबर को महावीर बस्ती का पथ संचलन रामलीला मैदान से निकाला जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, विभांश शर्मा पिता-श्री विपिन शर्मा निवासी - शेरपुरा, गली नंबर-03, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. । मेरे माता पिता द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम की कोमल जीवन प्लान पॉलिसी कमांक 352709199 दिनांक 28/08/2007 कराई गई थी जिसमें मेरा नाम मास्ट. कृष्णा शर्मा (MAST. KRISHNA SHARMA) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम विभांश शर्मा (Vibhansh Sharma) दर्ज है। यह कि मास्ट. कृष्णा शर्मा (MAST. KRISHNA SHARMA) एवं विभांश शर्मा (Vibhansh Sharma) एक ही व्यक्ति के नाम मेरे स्वयं के है। उक्त नामों के संबंध में भविष्य में कोई वाद विवाद होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**प्रारूप छ-3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)**
**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
**कार्यालय - रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जनसेवा सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित रायसेन, जिला रायसेन**
**पंजीयन क्रमांक 644 दिनांक 26.02.1998**

क्रमांक/नि.अ./01 — **सूचना प्रकाशनार्थ** — दिनाक 03.10.2025

संस्था के सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सभा में सपन्न होना है।

अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड कार्यालय निर्वाचन प्राधिकारी सतपुड़ा भवन भोपाल, उपायुक्त सहकारिता जिला रायसेन, विकासखण्ड सांची, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या, रायसेन शाखा रायसेन के सूचना पटल पर दिनांक 03.10.2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो दिनांक 03.10.2025 में दिनांक 10.10.2025 तक मुझे सप्रमाण लिखित में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। अथवा मेरे द्वारा अधिकृत संस्था प्रबंधक संस्था कार्यालय रायसेन में संस्था के कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपतियो का निराकरण संस्था कार्यालय रायसेन में दिनांक 12.10.2025 को किया जायेगा। संस्था के समस्त सदस्यों को व्यत्तिशः / साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**(राजकुमार दांगी)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**जनसेवा सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित रायसेन**

खबर संक्षेप


### भारत माता पर अर्मादित टिप्पणी पर सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी।** भारत माता के खिलाफ सिरोंज जिला विदिशा के एक युवक असद खान जिलानी के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अर्मादित टिप्पणी से हिंदु समाज में असंतोष है। कार्यकताओं ने उक्त अर्मादित टिप्पणी को लेकर युवक पर राष्ट्र द्रोह का प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की हैं। इस बावद् एक ज्ञापन शनिवार को थाना प्रभारी सिलवानी के नाम सौंपा। जिसमे मांग की गई है कि उक्त युवक द्वारा भारत माता का अपमान करते हुए अर्मादित टिप्पणी की है। उस युवक पर तत्काल ही राष्ट्र द्रोह का प्रकरण दर्ज किया जाए। युवक का उक्त कृत्य सामाजिक, धार्मिक व जन मानस की भावना को ठेस पहुंचाने वाला तथा राष्ट्र की संप्रभुता पर कुठाराघात करने वाला है। इस मौके पर राजीव सोनी, रवि गुप्ता, नीरज जौशी, राहुल नामदेव, आनंद्र ठाकुर,मदन राय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें

### श्रीराम जानकी मंदिर पर हुआ नगर भंडारा

**दीवानगंज।** नवरात्रि के 9 दिन बीतने के बाद दशहरा और ग्यारस पर जगह-जगह भक्ति देखने को मिल रही है। कई जगह कन्या भोज हो रहे हैं तो कहीं जगह नगर भंडारे का आयोजन हो रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को भवानी चौक राम जानकी मंदिर पर विराजमान झांकी पंडाल पर नगर भंडारे का आयोजन किया गया है, जो देर रात तक चलता रहा। वहीं ग्राम सेमरा रेलवे स्टेशन दीवानगंज के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भी नगर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें गांव के सभी ग्रामीणों ने प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। इससे पहले खेड़ापति हनुमान माता मंदिर दीवानगंज, नरखेड़ा झांकी पंडाल और साहू मंदिर अंबाडी में भी भंडारे का आयोजन किया गया।

### दूसरे दिन मनाया दशहरा पर्व, दर्शकों की रही भीड़



**बाड़ी।** नगर से लेकर अमरावद गांव तक धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व, बाड़ीकलां के दशहरे मैदान में हुआ मुख्य आयोजन,राम लंकापति दशानन के भीषण युद्ध में ढेर हुआ रावण, जला अहंकार का पुतला बाड़ी। विजयादशमी का पर्व एक दिन बाद नगर से लेकर गांव तक धूमधाम के साथ मनाया गया।नगर के दशहरे मैदान बाड़ी कलां में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भगवान श्री राम व रावण के बीच युद्ध का मंचन व बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक पहुंचे। युद्ध का मंचन दर्शकों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। भगवान राम की ललकार और रावण की दहाड़ ने दर्शकों को पूरे समय तक बांधे रखा। रावण वध के बाद रावण के 20 फीट पुतले का दहन और आतिशबाजी से आसमान में बिखरी रंग-बिरंगी आतिशबाजी भी दर्शकों को रोमांचित कर देने वाली रही।दर्शकों के पहुंचने का सिलसिला शाम छह बजे से ही शुरू हो गया। दर्शक देर शाम तक रावण के पुतले का दहन देखने के लिए जमे रहे। पुतला दहन से पहले दर्शकों ने भोपाल, विदिशा व से आए आतिशबाजों के बीच हुए मुकाबले का लुत्फ उठाया। आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचने वाली आतिशबाजी रोमांचित कर देने वाली रही। इससे पहले वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार चल समारोह आयोजित किए गए। भगवान राम-लक्ष्मण की झांकी के साथ चल समारोह शाम पांच बजे तक निकाले गए।मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी दौलत सिंह कुशवाहा, श्री नगर हिउस अध्यक्ष सरदार जसवीर उर्फ जस्सी अटवाल द्वारा दुर्गा झांकी समितियों अखाड़ों के उस्तादों पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।बाड़ी नगरी के समीप अमरावद अन्य गांवों में भी दशहरा पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

## भावांतर योजना की री-लांचिंग कार्यक्रम में खाली रही कुर्सियां, किसानों में विरोध

# भावांतर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें जिम्मेदार अधिकारी, कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं: डॉ. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भावांतर योजना सोयाबीन, मक्का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव री-लांचिंग की है। इसीलिए अन्नदाताओं के इस लाभ की योजना का जिम्मेदार अधिकारी बिल्कुल लापरवाही नहीं बरतें। यह बात शनिवार को विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों, अनाज कारोबारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा योजना में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि खेती को फायदे का कारोबार बनाने के लिए भाजपा अपने वायदे पर कायम है। केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें सोयाबीन उत्पादक करने वालों किसानों के लिए भावांतर योजना लागू करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम मोहन यादव के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले की सभी मंडियों में भावांतर योजना प्रभावशील की है। योजना के तहत किसानों का पंजीयन ई उपार्जन पोर्टल पर 3 अक्टूबर से शुरू हो गए हैं, जो 17 अक्टूबर तक होंगे। यह योजना किसानों को वाकई लाभांवित करने वाली साबित होगी।

जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सोयाबीन बेचने को लेकर भाव में जो अंतर रह जाता है उसे सरकारें भावान्तर योजना से भरपाई करेगी। उपसंचालक कृषि अधिकारी केपी भगत ने भावांतर योजना की बिंदुवार जानकारी दी।

### योजना की रिलॉन्चिंग के विरोध में किसान निकालेंगे ट्रैक्टर रैलियां

तत्कालीन सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्ष 2017 में शुरू की गई भावांतर योजना मप्र की डॉ मोहन सरकार फिर से शुरू करने जा रही है। सोयाबीन के लिए आज से पंजीयन शुरू होंगे। इस योजना के विरोध में मप्र के अलग-अलग इलाकों में किसान ट्रेक्टर रैलियां निकाल रहे हैं। हरदा, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में किसान भावांतर के खिलाफ रैलियां निकाल चुके हैं। रायसेन में किसान जागृति संगठन भारतीय किसान संघ ने भी किसान ट्रैक्टर रैली निकाले जाने की तैयारियां शुरू कर दी है।




### योजना के लाभ दिलाने में अधिकारी लापरवाही नहीं बरतें : डॉ चौधरी

विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि हमने डॉ मोहन यादव सरकार से आग्रह किया तो उन्होंने किसानों के हित में योजना को फिर से लागू की, ताकि योजना को अपनी उपज का वाजिब दाम मिल सके। सरकार द्वारा सोयाबीन फसल बेचने के बाद 15 दिनों के अंदर खाते में राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल सरकार ने एमएसपी रेट तय किया है। सरकार द्वारा भावान्तर योजना लागू की वह बधाई के पात्र है। हाल ही में किसानों को सौगात देते हुए गेहूं चना सरसों की एमएसपी रेट केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की देन है। 300 तरह की वस्तुओं पर जीएसटी कम किया है। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप किसानों की सोयाबीन उपज बेचने पर योजना के लाभ दिलाने में अधिकारी लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतें। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने कल भावान्तर योजना में मीडिया को दिए बयान की कड़े शब्दों में आलोचना भी की।



### किसानों की भीड़ नहीं जुटा पाए अधिकारी

कार्यक्रम स्थल पर अपेक्षा के अनुरूप किसानों की भीड़ नहीं जुटा सके जिम्मेदार अधिकारी। शायद इसी मामले को लेकर विधायक ने आमसभा के दौरान अधिकारियों पर अपने तेवर दिखाए थे, लेकिन फिर भी अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को हल्के में लिया। कार्यक्रम के दौरान पिछले हिस्से की अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रही आगे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ बैठी रही। कुछ कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी नींद में ऊंगते नजर आए। इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार भी नहीं हो सका है।

### किसान क्यों कर रहे विरोध

किसानों का कहना है कि मध्यप्रदेश में 2017 में लागू की गई भावांतर भुगतान योजना किसानों के लिए लाभकारी साबित नहीं हुई। किसानों के अनुभव कड़वे रहे और इस कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इसके बावजूद इस वर्ष राज्य सरकार ने इसे फिर से शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि यह योजना उनके हित में नहीं बल्कि शोषण के लिए है।

### सरकार पहले मुआवजा दें ....

किसान जागृति संगठन के प्रमुख राजेंद्र बाबू राय ,संरक्षक इरफान जाफरी जिला अध्यक्ष रंजीत यादव कार्यालय मंत्री विजय चौकसे ,भाकियू के मिट्ठू लाल मीणा का कहना है कि लंबे हार से बात भी किसानों की खेती फायदे का धंधा नहीं बन सकी लागत ज्यादा बढ़ने और मुनाफा कम होने से किसान कर्ज में डूब रहे हैं। इसकी किसी को चिंता नहीं है।

इधर अधिकांश किसानों का कहना है कि जब फसलें बर्बाद हो चुकी हैं तो सरकार का पहला कर्तव्य मुआवजा देना है और जो उत्पादन बचा है, उसका सही मूल्य दिलाने के लिए एमएसपी के ऊपर बोनस देना चाहिए, तभी किसानों को वास्तविक राहत मिलेगी। सोयाबीन उत्पादक किसान अब गांव-गांव में प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन होगा।

### कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर से केंद्रीय कृषि मंत्री का फोटो गायब

मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लगाए गए बैनर से केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का फोटो गायब रहा इतनी बड़ी भूल कैसे और कौन ने की। यह बड़े मुद्दे और शर्म की बात है, जबकि विदिशा-रायसेन के भाजपा सांसद शिवराज सिंह चौहान का रायसेन जिला विशेष लगाव वाला जिला है और वर्तमान में श्री चौहान विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से वर्तमान में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आखिर इतनी बड़ी भूल और चूक किस अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने की है यह सवाल उठ रहा है। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद ऑफिस के एक कमरे में बैठे जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए शिकवा शिकायत भी की थी, लेकिन बात आई गई हो गई। इस पोस्टर वार पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी आखिर खामोश क्यों बने हुए है, यह भी बड़ा सवाल सामने आ रहा है। बैनर में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के फोटो तो लगाए गए, लेकिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का फोटो नजर नहीं आया। इस बवाल को कैसे ठंडा किया जाए अधिकारी भी जतन जुटाने में लगे हुए हैं।




# भाजपा ने जारी की नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची

◆ विधायक चौधरी की तालमेल से नई कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति और पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुमति से रायसेन जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। नवीन कार्य समिति में 8 जिला उपाध्यक्ष, 2 जिला महामंत्री, 7 जिला मंत्री सहित जिला कोषाध्यक्ष, जिला सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री एवं सह कार्यालय मंत्री की घोषणा की गई है। इस नई कार्यकारिणी में पांच महिलाओं को भी शामिल किया है।




जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति और क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी से तालमेल बिठाने के बाद ही भाजपा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है।

इनमें जिला उपाध्यक्ष के लिए राकेश तोमर रम्मू भैय्या, जगदीश लोधी, योगेश पटेल, श्रीमती मीनू अरविंद दुबे, ओमप्रकाश मीणा, दातार सिंह मीणा, दीपक रघुवंशी, शैलेंद्र गिरी आदि को शामिल किया है।

इसके अलावा जिला महामंत्री केशव पटेल, दीपेंद्र पाल को बनाया हैं एवं जिला मंत्री संतोष शर्मा, मंजू धीरेंद्र सिंह कुशवाह, मोहराव सिंह, सुशील शर्मा, गायत्री नगरिया, प्रार्थना चौहान, संदीप शर्मा को जिला मंत्री बनाया है। वहीं जिला कोषाध्यक्ष वर्षा लोधी, सह कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल, जिला कार्यालय मंत्री जितेश जीतू ठाकुर, जिला सह कार्यालय मंत्री लोकेंद्र सिंह बबलू ठाकुर को मनोनीत किया।

## खुले तार से करंट लगा, एक युवक की हुई मौत, दूसरा गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नगर के वार्ड क्रमांक 13 डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी में राजा ठाकुर के मकान पर से निकले बिजली के खुले तार से कॉलोनी निवासी रुद्र प्रताप सिंह छोटू, पिता उदयभान सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।

छोटू एवं उसका एक साथी हनीकेत, छत पर बैठे थे। छोटू अचानक राजा ठाकुर के मकान की छत पर से स्ट्रीट लाइट के बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया जिससे उसे जोरदार करंट लगा उसको बचाने के चक्कर में उसी के साथी हनीकेत ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर ही छोटू की मौत हो गई और उसका साथी हनि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार विदिशा मेडिकल अस्पताल में चल रहा है।

# भोपाल विदिशा हाईवे पर हुए गहरे-गहरे गड्ढे वाहन चालक हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बारिश के दिनों में मुख्य सड़क पर कई जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। इन दिनों सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं। भोपाल से सलामतपुर चौराहे तक की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। यहां गड्ढे छोटे नहीं है बल्कि 8 से 10 इंच गहरे हैं।

कर्क रेखा दीवानगंज से लेकर भदभदा तक 50 से ज्यादा गहरे गड्ढे रोड में बन चुके हैं जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं इन गड्ढों में कई लोग गिरकर भी घायल हो चुके हैं। विदिशा से सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्क का उपयोग किया जाता है। मगर गड्ढों ने आमजन की रहा मुश्किल कर दी है। इन गड्ढों को भरने के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई पहल नहीं की है। जबकि हर दिन इस मार्ग से आला अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। भदभदा पर टोल टैक्स स्थापित हो गया है। जो हल्के कमर्शियल वाहन से 65 रुपए खाली और भरे हुए ट्रक से 165 रुपए तो मल्टी एक्सल वाहन से 325 रुपए वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद भी गड्ढे नहीं भरे जा रहे हैं। इन गड्ढों में मोटरसाइकिल का पहिया पहुंच जाए तो वाहन चालक अनियमित होकर गिरकर घायल हो जाता है।



कभी-कभी तो मोटरसाइकिल वाले व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाए करती है। ऐसे में कई बार दुर्घटना बड़ा रूप भी ले लेती है। बारिश को बीते लगभग 3 महीने होने को आए अभी तक 40 किलोमीटर रोड के गड्ढे एमपीआरडीसी द्वारा नहीं भरे गए हैं।

## पांच साल से एक्सीडेंट के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार, कोर्ट में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

थाना पुलिस को एक ऐसे फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है जो पांच साल से एक्सीडेंट के मामले में फरार था। फरार आरोपी ने कार से जिस मोटरसाइकिल में टक्कर मारी थी उसके चालक की ईलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बबलू पिता जीवन सिंह नाथ उम्र 37 वर्ष निवासी मेढ़की थाना सांची जो दुर्घटना के एक मामले में 5 साल से फरार स्थाई वारंटी था। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मेढ़की गांव में अपने घर आया हुआ है। जानकारी मिलते ही एक पुलिस टीम बनाई गई जिसमें थाने के एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा और आरक्षक राहुल रघुवंशी शामिल थे। टीम ने गांव में दबिश दी तो आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत और घेराबंदी कर स्थाई वारंटी बबलू को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को रायसेन न्यायालय में पेश कर दिया है।



## सिलवानी जैन मंदिर में धर्मसभा का आयोजन, उमड़े समाजजन

# वैराग्य ही जीवन की असली लक्ष्मी: मुनि साक्ष्य सागर

◆ लोगों ने मुनिश्री के अमृतवाणी का किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

स्थानीय जैन मंदिर में शनिवार को आयोजित धर्मसभा में मुनि साक्ष्य सागर महाराज और मुनि निवृत्त सागर ने श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए जीवन के गूढ़ तत्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीव के पास वस्तुतः कुछ भी स्थायी नहीं है, फिर भी वह अहंकार और अभिमान में डूबा हुआ जीवन व्यतीत कर रहा है। यह दृष्टिकोण आत्मिक उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। धर्मसभा में भक्ति, वैराग्य और प्रमाद त्याग जैसे विषयों पर विशेष रूप से मुनिश्री ने प्रकाश डाला।

मुनिश्री ने कहा कि सम्यक ज्ञान की प्राप्ति और पुण्य संचय के लिए देव, शास्त्र और गुरु की भक्ति आवश्यक है। इससे न केवल चित्त की एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि आत्मा को शुद्धि की ओर भी ले जाती है। उन्होंने कहा कि केवल श्रीजी के दर्शन की भावना भर से उपवास का फल मिल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सच्चे भावों से की गई भगवान जिनेंद्र की भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। यदि श्रद्धा और समर्पण से भक्ति की जाए, तो वह निश्चय ही मोक्ष का कारण बनती है।



### मिथ्या दृष्टि और प्रमाद, आत्मघात के साधन

मुनि निवृत्त सागर ने अपने वक्तव्य में कहा कि मिथ्या दृष्टि के कारण ही जीव भोगों में उलझ कर संसार में भटकता रहता है। उन्होंने समझाया कि शुभ कार्यों में लापरवाही करना आत्मा के घात के समान है। जो साधक मोक्ष प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें प्रमाद त्यागना ही होगा। प्रज्ञाशील व्यक्ति प्रमाद नहीं करते वे समय रहते सजग होकर साधना के पथ पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने चेताया कि विपरीत समय में बुद्धि भी साथ नहीं देती, इसलिए सद्बुद्धि और विवेक से जीवन जीना चाहिए।

मुनिश्री ने प्रवचन में वैराग्य को जीवन की सच्ची लक्ष्मी कहा। उन्होंने कहा किसंसार में कोई वास्तविक सुख नहीं है। रागी को कोई नहीं भगा सकता और वैरागी को कोई रोक नहीं सकता। यह कथन दर्शाता है कि जब मनुष्य में वैराग्य की भावना जाग्रत होती है, तो वह संसार की माया मोह से ऊपर उठ जाता है। धर्मसभा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने मुनिश्री के अमृतवाणी का श्रवण कर जीवन को धर्ममय बनाने का संकल्प लिया।

# भावांतर के तहत सहकारी संस्था में हो रहे पंजीयन

## एक दिन में 20 किसानों के हुए पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

प्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में लागू की भावांतर योजना के तहत सहकारी समिति में पंजीयन होना शुरू हो गए हैं। एक दिन में ही बीस किसानों ने पंजीयन करा लिए हैं।

सलामतपुर की कृषक सेवा सहकारी संस्था के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी ने बताया कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज की सही कीमत मिले इसके लिए सरकार द्वारा सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में भावांतर योजना लागू की गई है। उन्होंने सोयाबीन उत्पादक किसानों से आव्हान करते हुए कहा कि भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए वह 17 अक्टूबर तक पंजीयन जरूर कराएं। किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक सोयाबीन कृषि मंडी में आसानी से बेच सकेंगे और भावांतर योजना के तहत राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा।



गौरतलब है कि सलामतपुर सहकारी संस्था के अंतर्गत लगभग 28 गांव के लगभग 1400 किसान आते हैं। शनिवार के दिन भी संस्था में आसपास क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराने पहुंचे।